-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 11.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा थाना तिंदवारी का किया गया निरीक्षण। दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

विवरण- आज दिनांक 11.04.2026 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा थाना तिंदवारी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली गई साथ ही निर्देशित किया गया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं तथा ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे। अपराधों की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि वांछित व्यक्तियों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए साथ ही लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। लम्बित प्रार्थना पत्रों की जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए साथ ही निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, कम्प्यूटर कक्ष, बैरक, मेस तथा थाने की साफ-सफाई आदि का गहन अवलोकन कर कमियों को जल्द पूरा करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।